हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार 19 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 32.7 डिग्री

न्यूनतम 12.9 डिग्री


11 विद्यार्थियों ने नवाचार के शानदार मॉडल प्रस्तुत किए





12 भरतनाट्यम की भावपूर्ण प्रस्तुति ने बांधा समां




## स्टेशन के पास लगे मिले कैमरे का राज खुला : 'ना-पाक' दुश्मन की थी बड़ी साजिश

**सोनीपत।** सोनीपत रेलवे स्टेशन से मात्र 500 मीटर दूरी पर ओएचई पोल 47/27 पर लगे मिले खुफिया कैमरे का राज बुधवार पर्दाफाश हो गया। कैमरा ना-पाक पाकिस्तान के लिए जासूसी के लिए लगाया गया था। सुरक्षा में सेंध की लापरवाही उजागर होने के साथ मामला उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में रची जा रही राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से जुड़ा पाया गया। कौशांबी पुलिस के अधिकारी आरोपी को दोपहर 1:14 बजे सोनीपत लेकर पहुंचे। पहले आरोपी से जीआरपी थाना में करीब आधे घंटे पूछताछ की गई। इसके बाद उसे आरपीएफ थाने में लाकर करीब डेढ़ घंटे तक सवाल-जवाब किए गए। इसके बाद पुलिस आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच स्टेशन पर लेकर पहुंची और कैमरे को कब्जे में लेकर रिपोर्ट तैयार की। सीसीटीवी उतारने के बाद आरोपी को कड़ी सुरक्षा घेरे के बीच दोबारा जीआरपी थाने में लाया गया। जीआरपी थाना में करीब 15 मिनट ठहराव के बाद कौशांबी पुलिस अधिकारी दोपहर 3:44 बजे वापस आरोपी को अपने साथ ले गए।

गाजियाबाद से लाए गए आरोपी से आरपीएफ थाने में पहले पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारियों ने पूछताछ की



फिर आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच स्टेशन पर कैमरे लगाने वाली जगह पर लेकर गए



आईबी, पुलिस व खुफिया विभाग के अधिकारियों ने मौके की रिपोर्ट तैयार की, आसपास के क्षेत्र को खंगाला



दिल्ली से आए टीम ने कैमरा उतारकर कब्जे में लिया



पूछताछ के बाद आरोपी को वापस ले जाते पुलिस कर्मचारी



### खबर संक्षेप

#### सेक्टर-7 में सूने मकान से नकदी व गहने चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-7 स्थित बंद घर को चोरों ने निशाना बनाकर नकदी और सोने की अंगूठियां चोरी कर ली। घर के मालिक कर्नल शेतांशु खोखर हाल में परिवार सहित आदर्श नगर में रह रहे हैं। संदिग्ध घर में लगे सीसीटीवी में दिख रहा है। कर्नल शेतांशु ने सेक्टर-27 थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनका सेक्टर-7 में घर है। हालांकि वह हाल में आदर्श नगर सोनीपत में रहते हैं। चोरों ने सेक्टर-7 स्थित उनके बंद घर को निशाना बना लिया। चोर 14 मार्च की शाम करीब 7 बजे से रात 8 बजे के बीच उनके घर के पिछले हिस्से से अंदर घुस गया। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध युवक हुडी पहने हुए दिखाई दे रहा है, जिसके हाथ में मोबाइल भी नजर आ रहा है। चोर ने घर में रखे मिलिट्री ट्रंक को तोडक़र उसमें से उनकी पत्नी का पर्स चोरी कर लिया। पर्स में करीब 10 हजार रुपये नकद और दो सोने की अंगूठियां थीं।

#### नौकरी का झांसा देकर ठगी, आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ की पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी के मामले में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विपलव निवासी बुराड़ी, दिल्ली का रहने वाला है।पुलिस के अनुसार जमालपुर निवासी शशीकांत ने शिकायत दी थी कि परिचित तान्या के माध्यम से राकेश ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे 9 लाख 35 हजार रुपये लिए थे। आरोपित ने फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी दिया, लेकिन नौकरी नहीं लगवाई। बाद में किस्तों में पैसे लौटाने का वादा कर तीन किस्तें देने के बाद भुगतान बंद कर दिया। मामले में पहले राकेश को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब एएसआई जसमेर की टीम ने दूसरे आरोपित विपलव को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है।

#### जुआ खेलने के आरोपी में चार गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत की पुलिस ने जुआ खेलने के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान कृष्ण, दीपक, शोकिन्द्र और सतीश निवासी गांव ककरोई के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 17 मार्च 2026 को उप निरीक्षक अजमेर अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान ककरोई मोड़ के पास नहर के निकट खाली स्थान पर जुआ खेले जाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने चारों को ताश के पत्तों से पैसे लगाकर जुआ खेलते हुए काबू किया। तलाशी में आरोपितों के पास से कुल 4290 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। इस संबंध में थाना सदर सोनीपत में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## 1.188 किलो चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

### पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया



- आरोपी साहिल उर्फ सांडू दीपालपुर का रहने वाला
- पुलिस ने मुरथल-मेहंदीपुर रोड पर एक फार्म हाउस में नशे की बिक्री की सूचना पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले की क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एक आरोपित को चरस सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल उर्फ सांडू निवासी गांव दीपालपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 17 मार्च 2026 को एएसआई सुरेश अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुरथल-मेहंदीपुर रोड पर एक फार्म हाउस के पास चरस बेचने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर एक युवक को काबू किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक थैले में रखी 1 किलो 188 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपित के खिलाफ थाना मुरथल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आगे की कार्रवाई करते हुए एएसआई सुनील की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए एक्शन में प्रशासन

# सोनीपत, गोहाना और राई में कई जगह एक साथ छापेमारी, 38 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में कमर्शियल गैस आपूर्ति बंद होने के बाद अब कारोबार में घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग धड़ल्ले से होने लगा है। दुकानों ही नहीं, होटल, रेस्तरां, ढाबों से लेकर दुकानों व खाद्य पदार्थ के स्टॉलों पर एलपीजी का धड़ल्ले से प्रयोग होने लगा है। ऐसे में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से गठित टीम ने बुधवार को सोनीपत, गोहाना व राई ब्लॉक में छापा मार विभिन्न दुकानों पर प्रयोग किए जा रहे 38 घरेलू सिलेंडरों को जब्त किया है। इनमें 6 कमर्शियल सिलेंडर भी शामिल हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से घरेल गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने व स्टॉक पर रोक लगाने के लिए टीमों का गठन किया है।

विभाग के अधिकारियों की टीम ने बुधवार को जिलाभर में छापा मार कार्रवाई की। सोनीपत में इंस्पेक्टर संजय कुमार, अभिषेक, सब इंस्पेक्टर मनदीप की टीम ने, राई में इंस्पेक्टर प्रवीण, सब इंस्पेक्टर विनीत ने कर्मचारियों के साथ दुकानों पर छापा मारकर सिलेंडर जब्त किए। इसके अलावा गोहाना में इंस्पेक्टर करण, अनिरुद्ध, आदित्य की टीम ने कार्रवाई करते हुए 12 सिलेंडर जब्त किए। इन कुल 38 घरेलू सिलेंडरों में 6 कमर्शियल सिलेंडर भी शामिल हैं, जिनका स्टॉक किया गया था। बता दें कि दुकानदारों व खाद्य स्टॉल संचालकों के पास जमा कमर्शियल सिलिंडर का स्टॉक अब निपटने लगा है। ऐसे में हर जगह दुकानदार व व्यवसायी घरेलू गैस पर होने निर्भर लगे हैं। फूड बाजार भी गैस की किल्लत से जूझ रहा है।



### खजाने में जमा करवाएंगे

घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए टीमों का गठन कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को सोनीपत, गोहाना व राई स्थित दुकानों पर गठित टीमों ने छापा मारकर कुल 38 सिलेंडरों को जब्त किया है। जब्त किए गए सिलेंडरों की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जल्द इन्हें सरकारी खजाने में जमा करवाया जाएगा। टीमों को निरंतर निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

-विंशेल सहरावत
जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, सोनीपत

### गन्नौर में टीमों ने गैस एजेंसियों का रिकॉर्ड खंगाला, गोदाम भी किए चेक

**गन्नौर।** खंड खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी हरेंद्र भनवाला ने अपनी टीम के साथ गन्नौर क्षेत्र की चार एलपीजी गैस एजेंसियों व उनके गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने स्टाक रजिस्टर के अनुसार खाली और भरे हुए गैस सिलेंडरों की गिनती कर मिलान किया। जांच के दौरान सभी एजेंसियों पर रिकार्ड पूरी तरह से दुरुस्त पाया गया और कहीं भी अनियमितता सामने नहीं आई। हरेंद्र भनवाला ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर इस तरह की जांच की जा रही है ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और गैस वितरण प्रणाली पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने कहा कि गन्नौर क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है।



## निगम चुनाव : मतदाता सूची पर सुनीं दलों की आपत्तियां

**सोनीपत।** नगर निगम चुनाव-2026 के मद्देनजर तैयार की जा रही मतदाता सूची को लेकर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील सारवान ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने से पूर्व अपनी आपत्तियां दर्ज करवाने के विषय पर बातचीत की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी राजनीति दल के प्रतिनिधि को अंतिम मतदाता सूची से संबंधी कोई आपति है। वह अपनी आपत्ति पर 19 मार्च तक अपील कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक आपत्ति और दावे को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आपतियों का हल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी दावे एवं अपीलों के निपटान के उपरांत 27 मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता के साथ पूरी की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

- 19 तक दर्ज करवा सकते हैं आपत्ति, 27 मार्च को प्रकाशित की जाएगी अंतिम मतदाता सूची



## कोट मोहल्ला में पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाया अभियान

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस द्वारा कोट मोहल्ला क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त अमित धनखड़ ने की। इस दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय व्यापारियों और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा युवाओं को इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और ओटीपी साझा न करने जैसी सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया। अभियान के तहत लोगों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया, ताकि अपराधों पर निगरानी रखी जा सके। पुलिस ने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

### आरोप : गाय को गोशाला ले जाने के बजाए 9500 रुपये में दिल्ली में बेचा

## बेसहारा गोवंश पकड़ने के नाम पर तस्करी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम क्षेत्र में बेसहारा गोवंश को पकड़ने के नाम पर तस्करी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बेसहारा गोवंश पकड़ने के लिए निगम ने निजी एजेंसी को टेंडर दिया है, जिन्हें कुमासपुर व हरसाना कलां स्थित नंदीशालाओं में छोड़ा जा रहा है। वहीं एजेंसी के कर्मचारी पर जिम्मेदारी का दुरुपयोग कर गोवंश की अवैध बिक्री करने का आरोप है। निवर्तमान पार्षद रेणु प्रवीण सैनी ने आरोप लगाया कि गढ़ शाहजहांपुर में एक ग्रामीण ने अपनी पालतू गाय निजी गार्डन के पास बांध रखी थी, जिसे नगर निगम के अधीन कार्यरत गोवंश पकड़ने वाली एजेंसी के कर्मचारियों ने पकड़ लिया। आरोप है कि गाय को निर्धारित नंदीशालाओं कुमासपुर व हरसाना कलां में छोड़ने की बजाय सीधे दिल्ली कैंप ले जाकर करीब 9500 रुपये में बेच दिया गया। उसकी जगह दो कमजोर गोवंश को पकड़कर नंदीशाला में भेज दिया गया, ताकि रिकॉर्ड में गड़बड़ी छिपाई जा सके। ग्रामीण को मामले का पता चला, तो उन्होंने निगम अधिकारियों को जानकारी दी। आरोप है कि अधिकारियों ने ग्रामीण का सहयोग किए बिना उस पर सवाल खड़े कर दिए। ग्रामीण ने कुमासपुर नंदीशाला में जाकर गाय को खोजा, तो वह वहां नहीं मिली। ग्रामीण ने संबंधित ठेकेदार व कर्मचारियों से बातचीत की तो गाय को बेचने का मामला सामने आया। मामला उजागर होने के बाद नगर निगम कार्यालय में हलचल होने के साथ ठेकेदार, कर्मचारी व अधिकारियों में बैठक का दौर जारी रहा। उधर ग्रामीणों ने मामले में निगम और गोवंश पकड़ने वाली एजेंसी के बीच मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए है।

### मामला संज्ञान में कड़ी कार्रवाई करेंगे

मामला संज्ञान में आया है, जिसे गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए गए हैं। उक्त मामले में अगर किसी कर्मचारी या एजेंसी का हस्तक्षेप सामने आया, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-हर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम, सोनीपत

## बिजली कनेक्शन काटने पर तिहाड़ कलां के सरपंच ने निगम कर्मचारियों को दी गोली मारने की धमकी

■ 26 हजार रुपये का बिल न भरने पर कनेक्शन काटने गए थे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव भठगांव स्थित बिजली घर में बुधवार को बिजली कर्मचारियों ने गांव तिहाड़ कलां के सरपंच पर धमकी देने के आरोप लगाकर धरना देकर रोष जताया। इस दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए उन्हें सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करवाने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि सरपंच पवन पर 26 हजार रुपये का बिजली बिल बकाया था। नोटिस देने के बाद भी सरपंच ने बिल नहीं भरा, तो कनेक्शन काटने के बाद सरपंच ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी।

धरने के दौरान हरीश राणा, रमेश कुमार ने बताया कि बिजली निगम की ओर से डिफाल्टरों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान छेड़ रखा है। अभियान के तहत बिजली निगम की टीम ने मंगलवार को बिजलीघर से तिहाड़ कलां व तिहाड़ खुर्द में 10 से ज्यादा डिफाल्टरों के बिजली कनेक्शन काटे थे। उन कनेक्शनों में तिहाड़ कलां के सरपंच का कनेक्शन भी शामिल है।

- सुरक्षा की मांग को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी



**सोनीपत।** भठगांव बिजली घर में धरना देकर रोष जताते बिजली कर्मचारी।

### बिना सुरक्षा नहीं काटेंगे कनेक्शन

धमकी मिलने के बाद बिजली कर्मियों ने गांव भठगांव स्थित बिजलीघर में धरना दिया और मामले से पुलिस व उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक बिजली कर्मियों को सुरक्षा नहीं मिल जाती, तब तक वह कनेक्शन नहीं काटेंगे।

### सरपंच का आरोप : बिना नोटिस काटा कनेक्शन

मामले में सरपंच पवन का कहना है कि उन पर एक माह का बिजली बिल बकाया है। उनकी मां बीमार होने के कारण 15 दिन से अस्पताल में उपचाराधीन है। बिजली बिल जमा कराने के लिए बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता व अन्य अधिकारियों से समय मांगा गया था। बिजली कनेक्शन काटने से पहले बिजली निगम की ओर से उन्हें कोई नोटिस जारी नहीं किया गया। उसके बाद भी बिजली निगम की टीम ने उनके घर में घुसकर बिजली कनेक्शन काटा दिया। कनेक्शन न काटने के लिए उनकी पत्नी व 13 वर्षीय बेटी कर्मियों के सामने हाथ जोड़कर गुहार लगाती रही, लेकिन कर्मचारियों ने अपनी हठधर्मिता अपनाते हुए उनकी एक न सुनी और टीम बिजली कनेक्शन काटकर चली गई। बिजली कर्मियों की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वह ग्रामीणों के साथ रोहतक जाकर विजिलेंस को शिकायत देकर मामले की जांच कराएंगे।

## चावल खरीद में 48 लाख की धोखाधड़ी, हिमाचल का युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** पुलिस ने चावल की लेन-देन में 48 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में अनुज पुत्र विजय निवासी सिरमौर, हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार किया है। 29 जुलाई 2023 को अनिल पुत्र राम निवास निवासी वार्ड नं 4 खरखौदा ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि मेरे पिता की बाजार में एक गर्ग इन्टरप्राइजेज नाम फर्म है। 5 मई 2023 को यशपाल पुत्र सतीश निवासी बहादुरगढ़ का फोन आता है, जो कि नया बाजार दिल्ली में चावल कि दलाली का काम करता है। उससे मेरा चावल के लेन देन का सौदा तय होता है। जिसके लिये वो मुझे खाता नंबर व्हाट्सएप करता है। जो ट्रेड एक्सपर्ट के नाम से होता है। उसमें मुझसे अड़तालीस लाख की आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांस्फर करवाता है। लेकिन अब यशपाल न ही तो मेरे को माल दिलवा रहा है और न ही मेरे पैसे वापस कर रहा है। इस घटना का थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया था। थाना खरखौदा की अनुसंधान टीम मे नियुक्त उप निरीक्षक हरि प्रकाश ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए घटना मे संलिप्त आरोपी अनुज को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।



आरोपी अनुज।




# विक्रम संवत 2083 प्रारंभ : जानें क्या है खास
# गुरु-मंगल की जोड़ी किसका करेगी बेड़ा पार

गुरुवार से 2026 से हिंदू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होने जा रहा है। यह पावन दिन हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है और इसी के साथ भारतीय नवसंवत्सर की शुरुआत मानी जाती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे, जबकि इस संवत का नाम 'रौद्र संवत्सर' रखा गया है। हिंदू नववर्ष सनातन परंपरा का बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए यह दिन नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत होती है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित किया गया था और यह ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है।

## आज शुरू होगा हिंदू नववर्ष

*देश में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी और उत्तर भारत में नवसंवत्सर।*

### यह रहेगा प्रभाव

ज्योतिष के अनुसार जब बृहस्पति राजा होते हैं तो धर्म, शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होती है, वहीं मंगल मंत्री होने से साहस, ऊर्जा और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आती है। इस साल एक खास संयोग भी बन रहा है। मीन राशि में सूर्य, चंद्रमा, शुक्र और शनि का चतुर्ग्रही योग, जो इसे और प्रभावशाली बना रहा है।

### सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व



सनातन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि इसी तिथि से सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए श्रेष्ठ समय माना जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी, जबकि उत्तर भारत में इसे नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों की साफ-सफाई, पूजा-पाठ और नए कार्यों की शुरुआत करते हैं।

-पंडित कृष्ण दत्त गौड़, ज्योतिषाचार्य



**मेष**

इस राशि के जातकों का सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या पदोन्नति मिल सकती हैं। व्यापारियों को भी नए प्रोजेक्ट या साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।



**कर्क**

कर्क राशि के जातकों के लिए यह नववर्ष परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में शुभ संकेत दे सकता है। जमीन या वाहन खरीदने के योग बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। हालांकि भावनात्मक फैसलों से बचना और धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। हालांकि जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।




**तुला**

तुला राशि के जातकों के लिए साझेदारी और व्यापार के मामलों में यह वर्ष अनुकूल रह सकता है। व्यापार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ सकती है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे भविष्य में लाभ होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी।



**मकर**

मकर राशि वालों के लिए यह वर्ष घर-परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण हो सकता है। परिवार में शुभ कार्य होने के योग बन सकते हैं। करियर में स्थिरता आएगी और मेहनत का अच्छा फल मिल सकता है। हालांकि काम का दबाव भी बढ़ सकता है। इससे शुरूआत में कुछ परेशानी हो सकती है।



**वृषभ**

वृषभ राशि के लोगों के लिए यह नववर्ष आर्थिक दृष्टि से अनुकूल सिद्ध हो सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है और निवेश से लाभ मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है। हालांकि खर्चों में भी वृद्धि हो सकती है, इसलिए बजट का संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।



**सिंह**

इस राशि के लोगों के लिए भाग्य का साथ मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही परेशानियों में कमी आ सकती है। व्यापारियों को भी लाभ मिलने के योग बन सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है।




**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन सकते हैं। नई नौकरी या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। मेहनत और लगन से किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। हालांकि विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत होगी।



**कुंभ**

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह वर्ष करियर और कारोबार के लिहाज से शुभ सिद्ध हो सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। नौकरी और व्यापार दोनों में प्रगति के योग बन सकते हैं। हालांकि सावधानी से कदम बढ़ाने होंगे।




**मिथुन**

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष करियर और शिक्षा के लिहाज से अच्छा साबित होगा। नौकरी में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सफलता मिलने के संकेत हैं।



**कन्या**

कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष मिश्रित परिणाम देने वाला रह सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन उसका फल भी मिलेगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना बेहतर रहेगा।



**धनु**

धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष शिक्षा, ज्ञान और करियर के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। विद्यार्थियों के लिए यह समय अच्छा रह सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति भी धीरे-धीरे मजबूत हो सकती है।



**मीन**

मीन राशि के लोगों के लिए यह वर्ष आर्थिक रूप से मजबूत साबित हो सकता है। आय में वृद्धि के संकेत मिल सकते हैं। करियर में नई जिम्मेदारियां और अवसर मिल सकते हैं। नौकरी उन्नति के योग हैं। परिवार में सुखद वातावरण बना रह सकता है।

# सेहत




## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस




डॉ. एस.पी. राय
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

# संभव है टीबी से बचाव-उपचार





हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।

**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।

**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।




**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है।



आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### टीबी पेशेंट्स की डाइट



**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।

# क्या आप भी करते हैं अकसर लॉन्ग सिटिंग

## प्रिकॉशन

डॉ. माजिद अलीम

वजह चाहे आपकी जॉब हो या इनएक्टिव रहने की हैबिट, अगर आप अकसर घंटों बैठे रहते हैं तो इसका आपकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है। लॉन्ग सिटिंग से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं और इससे बचने के लिए क्या सावधानियां बरत सकते हैं, जानिए।

हम सभी धूम्रपान को स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार कुर्सी पर बैठे रहना भी लगभग उतना ही हानिकारक होता है? हालांकि ऐसा नहीं है कि लगातार बैठे रहने को लेकर यह कोई नया खुलासा हुआ है। हम इस तथ्य को पहले से जानते हैं, हम सब इसके बुरे प्रभावों को जानने के बावजूद हर दिन बिना सोचे समझे यह करते हैं यानी घंटों लगातार बैठे रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार बैठने को धूम्रपान के समान ही हानिकारक घोषित किया है।

**हृदय रोग की बढ़ती है आशंकाः** पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगातार बैठने से हर साल लगभग 32 लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह संख्या धूम्रपान से होने वाली मौतों से भी ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में 17.9 मिलियन लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवा बैठते हैं। लगातार बैठना यानी निष्क्रियता की वजह से ही हृदय रोगों को अपने पैर पसारने में आसानी होती है। जागरूक रहकर हम सक्रिय जीवनशैली के द्वारा 80 प्रतिशत तक के हृदय रोगों को रोक सकते हैं।

**बढ़ रही निष्क्रिय जीवनशैलीः** क्या आपको पता है कि भारत में 25 प्रतिशत वयस्क प्रतिदिन 8 घंटे से भी ज्यादा लगातार बैठकर काम करते हैं और इस दौरान वो 20 मिनट से भी कम का ब्रेक लेते हैं। कमोबेश कॉरपोरेट जगत में ही नहीं बल्कि सेलिब्रिटीज और सामान्य लोगों का लाइफस्टाइल भी इस तरह का ही होता जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### छोटूराम धर्मशाला में जोगी समाज की महापंचायत हुई

**सोनीपत।** ओल्ड रोहतक रोड स्थित छोटूराम धर्मशाला में जोगी समाज की महापंचायत हुई। इस दौरान धर्मशाला में 15 साल से जो कब्जा था उसकी समाज ने घोर निन्दा की। जोगी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश जोगी ने कहा कि हमेशा हर साल चैत्र की अमावस्या को धर्मशाला में हर साल प्रधान बनाया जाता था लेकिन एक व्यक्ति ने समाज की सभी परंपराओं को तोड़ते हुए धर्मशाला पर कब्जा कर लिया। बुधवार को एकत्रित हुए समाज के लोगों ने धर्मशाला की सर्वसम्मति से कार्यकारिणी को नियुक्त किया।

### लहराड़ा बरैयापुर में वार्षिक मेला लगाया

**सोनीपत।** लहराड़ा बैयांपुर में आयोजित दादा मोहनदास के वार्षिक मेले और भव्य भंडारे का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। हर साल की तरह इस बार भी सामूहिक मेले का आयोजन किया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन महंत बाबा विजयनाथ महाराज की देखरेख में संपन्न हुआ। मेले के दौरान भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से आए साधु-संतों और महात्माओं ने एकजुट होकर समाज के कल्याण और सबकी भलाई की कामना की।

### सीवर कार्य में ठेकेदारी प्रथा को लेकर प्रदर्शन

**गोहाना।** नपा कर्मचारी संघ की गोहाना इकाई के कर्मचारियों ने बुधवार को नगर पालिकाओं, परिषदों, निगमों में सफाई व सीवर के कार्य में ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रफल व आबादी के अनुपात में सरकार के नियम 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी का पद सृजित करने और रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करने की मांग की। कर्मचारियों ने नगर परिषद कार्यालय के सामने ठेकेदारी प्रथा का पुतला भी फूंका।

### रक्तदान शिविर में 112 यूनिट रक्त संग्रह

**सोनीपत।** संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया और इंडेथ्य विजन फाउंडेशन द्वारा राजकीय बहुतकनीकी संस्था में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 112 रक्तदाताओं ने भाग लेकर मानवता का परिचय दिया। रक्त एकत्रित करने का कार्य रोटरी क्लब सोनीपत की टीम ने किया। समाजसेवी राजू मदान ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता, इसलिए सभी को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। लक्ष्मीनारायण ने रक्तदान के बाद नशे से दूर रहने की सलाह दी।

### प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण कर उपयोगी सुझाव दिए

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग सोनीपत में "नवोन्मेष" शीर्षक के अंतर्गत प्रोजेक्ट एग्जीबिशन (फेज-1) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक सोच, नवाचार और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना रहा। संयोजक बिंदिया के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शनी में आईक्यूएसी निदेशक डॉ. नीरज गुप्ता मुख्य प्रोजेक्ट मूल्यांकनकर्ता रहे। प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण कर छात्रों को उपयोगी सुझाव दिए। प्रदर्शनी में विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, कंप्यूटर एवं सिविल इंजीनियरिंग के लगभग 35 प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए।

### विशेषज्ञों ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण के टिप्स बताए

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य कालेज में कैरियर काउंसलिंग सेल और कम्युनिटी आउटरीच सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चितकारा यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की आउटरीच प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. सुरभि शर्मा ने शिरकत की। डॉ. सुरभि शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने कैरियर का सही चुनाव करने, लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। छोटे-छोटे व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

---

### संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्ण भागीदारी

# सांस्कृतिक उत्सव अनुगूंज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा





**सोनीपत।** टीकाराम शिक्षण महाविद्यालय में प्रस्तुति देते विद्यार्थी व स्टाफ और विद्यार्थी को जानकारी देते हुए बैंक मैनेजर। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

टीका राम शिक्षा महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव "अनुगूंज" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत हरियाणवी जायका, हरियाणवी लोक नृत्य, लोकगीत, एथेनिक ड्रेस कंपटीशन, हरियाणवी चुटकुले और लोकोक्ति जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बी.एड प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा एम.एड द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उत्सव का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह राणा और डॉ. सीमा गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. सीमा गर्ग, डॉ. अनीता फोर और डॉ. बलवीर सिंह शामिल रहे। परिणामों में हरियाणवी जायके में गुनगुन, कनिका, ज्योति, मुस्कान प्रथम, रोमी, दृष्टि, आशा, अंकुश द्वितीय व इंदु, शिवानी, अंजलि, स्वीटी तृतीय रहे। परिधान में कोमल प्रथम, हैप्पी द्वितीय, लोकगीत में नेहा प्रथम, मनीषा द्वितीय रही। नृत्य में काजल कौशिक प्रथम, अनु, मानसी द्वितीय व सुषमा तृतीय रहीं। चुटकुले में पूजा प्रथम, रिया द्वितीय, अंशुल तृतीय रहे। सभी विद्यार्थी व स्टाफ मौजूद रहे।

### कॉलेज में प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना पर जागरूकता कार्यक्रम

**सोनीपत।** टीका राम कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिकाओं डॉ. निशा दहिया और डॉ. मोनिका कुमारी द्वारा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक की सीआरजेड शाखा के मैनेजर अमित सैनी ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना उन मेधावी छात्राओं के लिए लाभदायक है, जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पातीं। इस योजना के माध्यम से छात्राएं आसानी से शिक्षा ऋण प्राप्त कर अपनी पढ़ाई जारी रख सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य गीता ने अमित सैनी का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को जागरूक करने के लिए धन्यवाद दिया।

---

### मुख्यमंत्री के नाम नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

# सफाई व अग्निशमन कर्मियों ने फूंका ठेका प्रथा का पुतला, जमकर नारेबाजी

- नपा कर्मचारी हरियाणा के आह्वान पर सफाई कर्मचारी एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन कर पुतला फूंकते सफाई व अग्निशमन कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

रेलवे रोड स्थित नगर निगम कार्यालय के गेट पर बुधवार को सफाई व अग्निशमन कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ठेका प्रथा का पुतला फूंका। नगर पालिका कर्मचारी हरियाणा के आह्वान पर सफाई कर्मचारी एकत्रित हुए। प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान भारत कंडेरा व मंच संचालन इकाई सचिव राजा भाई ने किया। कर्मचारियों ने प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार को ज्ञापन सौंपा। राज्य सचिव राजीव खत्री ने कहा कि समय रहते कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को पूरा किया जाए। ठेका प्रथा समाप्त करके संविदा कर्मियों को विभाग के रोल पर किया जाए। कच्चे कर्मियों को पक्का किया जाए।

अग्निशमन विभाग में कार्यरत पे रोल व कौशल कर्मचारियों को फायर ऑपरेटरों के पदों पर समायोजित किया जाए। अगर सरकार समय रहते इन मांगो का समाधान नहीं करती तो नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा आगामी समय में बड़े आंदोलन की घोषणा करेगा। अग्निशमन कर्मचारी 8-9 अप्रैल को पूर्ण रूप से काम बंद हड़ताल करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस दौरान दीपक बोहत, विशाल, राजेश बागड़ी, जयपाल, रविंद्र भी मौजूद रहे।

### पुस्तकों के पुनः उपयोग की पहल को मिली मंजूरी



सेवानिवृत्त कर्नल अशोक मोर

**राई।** हरियाणा सरकार ने सतत विकास और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए स्कूली पाठ्यपुस्तकों और कॉपियों के पुनः उपयोग की नई पहल को मंजूरी दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा पर होने वाले खर्च को कम करना और विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। योजना को लेकर सेवानिवृत्त कर्नल अशोक मोर ने बताया कि 15 जनवरी 2026 को सुझाव देकर उन्होंने सरकार व शिक्षा बोर्ड से मांग की थी। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के अंत में विद्यार्थियों से उपयोग योग्य पुस्तकें एकत्रित की जाएंगी। इन पुस्तकों का मूल्यांकन कर अगले सत्र में जरूरतमंद छात्रों को वितरित किया जाएगा। इसके अलावा कॉपियों के बचे हुए पन्नों को एकत्र कर उन्हें पुनः बाइंडिंग के माध्यम से नई कॉपियों के रूप में तैयार किया जाएगा। इससे न केवल कागज की बचत होगी, बल्कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को भी सहायता मिलेगी। योजना को लागू करने में मुख्यमंत्री व शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सरकार की ओर से विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रोत्साहन राशि और प्रमाण पत्र देने का भी प्रावधान किया गया है, जबकि बेहतर कार्य करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया जाएगा। कर्नल मोर ने बताया कि इस पहल से हर वर्ष कई करोड़ रुपये की बचत होने की संभावना है।

---

# भारत में हर वर्ष लाखों नए कैंसर के मामले आते हैं सामने : डॉ. अहमद

- कैंसर पीड़ितों के लिए पैलिएटिव केयर विषय पर कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



**गोहाना।** कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी व अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के समाज कार्य विभाग द्वारा विश्व समाज कार्य दिवस 2026 के अवसर पर कैंसर पीड़ितों के लिए पैलिएटिव केयर विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला कैन सपोर्ट संस्था, नई दिल्ली के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. दीपाली माथुर, विभागाध्यक्ष, समाज कार्य विभाग ने की। मुख्य वक्ता डॉ. सवेरा अहमद ने कहा कि पैलिएटिव केयर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के शारीरिक दर्द, मानसिक तनाव को कम करके उनके जीवन की गुणवत्ता को सुधारने वाली विशेष चिकित्सा है। भारत में हर वर्ष लाखों नए कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या ऐसे मरीजों की होती है जिन्हें पैलिएटिव केयर की आवश्यकता होती है। प्रो. मंजू पंवार, डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ज्ञान मेहरा, लूसी आदि मौजूद रहे।

### मेधावियों को छात्रवृत्ति देगा केडी इंटरनेशनल

**खरखौदा।** केडी इंटरनेशनल स्कूल, खरखौदा द्वारा बाहरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणामों में लक्षित दहिया पुत्री नरेंद्र ने 96.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कुंज पुत्र संदीप ने 92% अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि दिव्य दहिया पुत्र राकेश दहिया ने 88% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार सत्र 2026–27 के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 100% छात्रवृत्ति, द्वितीय को 50% तथा तृतीय को 30% छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्राचार्य तृप्ति सिंह ने विजेताओं को बधाई देते कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों को योग्यता सिद्ध करने का अवसर मिलता है।

# गन्नौरः चिकित्सक के अलावा केवल एक फार्मासिस्ट के भरोसे डिस्पेंसरी

- मजदूरों ने ड्यूटी में कोताही बरतने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



**गन्नौर।** ईएसआई डिस्पेंसरी में ड्यूटी पर केवल एक चिकित्सक व फार्मासिस्ट।

बड़ी औद्योगीक क्षेत्र में ईएसआई डिस्पेंसरी में कार्यरत कर्मचारियों पर इलाज के लिए जाने वाले मजदूरों ने ड्यूटी में कोताही बरतने का आरोप लगाया है । वही जब ईएसआई मंगलवार को डिस्पेंसरी में पाया गया कि शाम की शिफ्ट में चिकित्सक के अलावा केवल एक फार्मासिस्ट के भरोसे पुरी डिस्पेंसरी चल रही थी । चिकित्सक ने पूछने पर बताया कि वे तो यहां अप्रेंटिस कर रहे हैं। वही मामले की जानकारी मिलने पर बड़ी औद्योगिक संगठन ने भी नाराजगी व्यक्त करते कहा कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य के हित में सरकार की तरफ से ईएसआई डिस्पेंसरी बनाई गई है ताकि जरूरत पड़ने पर मजदूरों को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध हो लेकिन स्टाफ को भी डिस्पेंसरी में अपनी ड्यूटी में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नाम न लिखने की शर्त पर कर्मचारियों ने बताया कि अगर यही हाल रहा तो वह शिकायत सीएम-स्वास्थ्य मंत्री को करेंगे। इससे पहले अधिकारियों को गंभीरता से उनकी कार्य प्रणाली में सुधार करवाना चाहिए।

---



**गोहाना।** दक्ष प्रजापति द्वार का निरीक्षण करते नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी।

### नप चेयरपर्सन ने निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

**गोहाना।** नप की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने रोहतक रोड पर प्रस्तावित दक्ष प्रजापति द्वार निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। यह संपूर्ण परियोजना लगभग 2.5 करोड़ रुपये के बजट से तैयार की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत द्वार सहित अन्य विकास कार्य भी शामिल हैं और इसके आगामी 2-3 महीनों में पूर्ण होने की संभावना है। चेयरपर्सन के अनुसार परियोजना के अंतर्गत केवल द्वार का निर्माण ही नहीं, बल्कि सेंटर वर्ज का विकास, आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था एवं सीसी कार्य भी किया जाएगा जिससे पूरे क्षेत्र का सौंदर्य और आधारभूत ढांचा और अधिक सुदृढ़ होगा। यह द्वार भव्यता और आकर्षक डिजाइन के कारण गोहाना की पहचान बनने जा रहा है। ऐसा भव्य और सुंदर द्वार, जो शहर के गौरव को बढ़ाएगा। पंजाबी महासभा गोहाना के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी, पार्षद नन्हा राम आदि मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों को एनएसएस का उद्देश्य व राष्ट्र निर्माण में योगदान का महत्व बताया

- राजकीय महाविद्यालय पिपली में सात दिवसीय एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा




**खरखौदा।** स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए प्राचार्या डॉ. तराना नेगी।

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में बुधवार से सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया। एनएसएस प्रभारी जगबीर सिंह, डॉ. किरण सरोहा व नीरा की देखरेख में शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस के अवसर पर नामांकन प्रक्रिया से लेकर एनएसएस पुस्तिका वितरित करने के साथ-साथ ही एनएसएस प्रभारी जगबीर सिंह ने स्वयंसेवकों को एनएसएस का उद्देश्य और राष्ट्र निर्माण में एनएसएस का योगदान कितना महत्व रखता है, इस बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर तीन व्याख्यान का आयोजन किया गया। पोस्ट आफिस के जिला विकास अधिकारी सुमित कुमार ने सरकार की जीवन बीमा से संबंधित योजना के विषय में विस्तार पूर्ण व्याख्यान दिया और सहायक प्राध्यापक डॉ दिनेश कुमार ने नशा मुक्ति पर व्याख्यान दिया।

### कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग

**गोहाना।** बुधवार को आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन गोहाना यूनिट के कर्मियों द्वारा महम रोड स्थित बिजलीघर में बैठक की। अध्यक्षता यूनिट अध्यक्ष नितेश शर्मा व संचालन सचिव सोहन शर्मा ने किया। राज्य कमेटी के सदस्य सुरेश यादव ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा कोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार कच्चे कर्मियों को पक्का नहीं कर रही है। बिजली निगम में करीब 16 हजार कच्चे कर्मचारी हैं जिनको कार्य करते हुए 15 साल से अधिक हो गए हैं। कोर्ट का फैसला है कि जिन कर्मचारियों को काम करते हुए 10 साल हो गए हैं उनको बिना शर्त के पक्का किया जाए और उनका बकाया वेतन छह फीसद ब्याज सहित दिया जाए। सरकार इन कर्मचारियों को जबरदस्ती कौशल रोजगार निगम में धकेलने का कार्य कर रही है। बार-बार पोर्टल पर तिथि बढ़ाई जा रही है। यूनियन कच्चे कर्मचारियों को पक्का कराने के लिए 20 मई को अंबाला में बिजली मंत्री आवास पर प्रदर्शन करेगी। यूनियन द्वारा इससे पहले 27 मार्च को सब यूनिट स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में राजेश, सुनील चहल, लाखन, अशोक, श्याम सुंदर, सत्यवान व हिमांशु उपस्थित रहे।



**गोहाना।** कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता सुरेश यादव।

---

### हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में इंटर कॉलेज स्टार्टअप चैलेंज आयोजित

# विद्यार्थियों ने नवाचार के शानदार मॉडल प्रस्तुत किए

*विजेताओं को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर किया सम्मानित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




**सोनीपत।** प्रतिभागी छात्रों के साथ अतिथि एवं महाविद्यालय का स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में "इनोवेटएक्सः इंटर कॉलेज स्टार्टअप चैलेंज" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों ने क्विक मेड, एआई आधारित शी शील्ड सेफ स्फेयर (एस4), रेंट एवरीथिंग प्लेटफॉर्म, किसान कनेक्ट और क्यूरेटर लैब्स जैसे नवाचारी स्टार्टअप विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समन्वयन पूनम माथुर और सीमा दहिया ने किया। हिंदू संस्था के समूह निदेशक डॉ. डीपी सिंह और डीक्रस्ट विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रोहताश मान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने प्रतिभागियों को उपयोगी सुझाव दिए। प्रतिभागियों ने अपने स्टार्टअप आइडिया, प्रोजेक्ट्स और व्यावसायिक योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। अंत में विजेताओं को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। निदेशिका डॉ. शिवानी ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कुलदीप दहिया, चारू जैन, अजय बजाज, पारुल भारद्वाज, कनिका गोयल, अंजलि गर्ग, मोनिका, डॉ. सुरभि, साक्षी, अंजलि दहिया, मुस्कान, देवांश, अलका अग्रवाल और राजीव त्यागी मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज के लोगों ने गोहाना में बांटे लड्डू

**गोहाना।** कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा की मांग पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वीकारते हुए भगवान परशुराम का स्मृति स्थल एवं पार्क 4 एकड़ सेक्टर-26 रोहतक में हरियाणा शहरी प्राधिकरण के माध्यम से बनाए जाने की घोषणा की समस्त ब्राह्मण समाज ने परशुराम चौक गोहाना में एकत्रित होकर लड्डू बांटे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जयकिशन शर्मा, श्यामलाल वशिष्ठ, ओम प्रकाश शर्मा, कुलदीप कौशिक, सुनील वत्स, शिवकुमार भावड़, राजेश खानपुर, सोमवीर लाठ, बिजेन्द्र शर्मा, सुनील शर्मा, अमित शर्मा, नवदीप, राजकुमार फौजी व दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, सतीश दहिया पुत्र श्री हवा सिंह निवासी मकान नं. C-2170 H सुशांत सिटी सेक्टर 61 रसोई पोस्ट प्रीतमपुरा जिला सोनीपत बयान करता हूं मेरे लड़के हीमांक दहिया के दस्तावेजों में मेरा नाम सतीश कुमार (Satish Kumar) दर्ज है। अब मैंने अपना नाम सतीश कुमार से बदलकर सतीश दहिया (Satish Dahiyaa) रख लिया है। भविष्य में मुझे सतीश दहिया के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

मैं, सीमा दहिया पत्नी श्री सतीश दहिया निवासी मकान नं. C-2170 H सुशांत सिटी सेक्टर 61 रसोई पोस्ट प्रीतमपुरा जिला सोनीपत बयानत करती हूं मेरे लड़के हीमांक दहिया के दस्तावेजों में मेरा नाम सीमा कुमारी (Seema Kumari) दर्ज है। अब मैंने अपना नाम सीमा कुमारी से बदलकर सीमा दहिया (Seema Dahiya) रख लिया है। भविष्य में मुझे सीमा दहिया के नाम से जाना जाए।

## खबर संक्षेप



### निबंध प्रतियोगिता में नितिन रहा प्रथम

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के तत्वाधान में गणित विभाग में भारत के महान गणितज्ञ विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नितिन बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान दुष्यन्त बीए द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान कविता बीए तृतीय वर्ष तथा सांत्वना पुरस्कार प्रिया कुमारी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।

### रक्तदान व नेत्र जांच शिविर 24 को पारस वाटिका में

**गन्नौर।** व्यापार मंडल के प्रधान रहे स्वर्गीय शेखर चंद जैन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 24 मार्च को रेलवे रोड स्थित पारस वाटिका में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर तथा निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए गौरव शेखर जैन ने बताया कि चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगों की आंखों की जांच की जाएगी और जरूरतमंद मरीजों के मोतियाबिंद आपरेशन भी निःशुल्क करवाए जाएंगे।

### प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ रूद्र

**खरखौदा।** सिसाना गांव की प्राथमिक पाठशाला में दो दिवसीय जिला जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लड़के व लड़कियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रुद्र खरखौदा व उसकी टीम ने जूनियर मिक्स जिला नेटबॉल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया है। रूद्र को मेडल देकर सम्मानित किया गया। उसका चयन प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस अवसर पर राकेश, नवीन, मनजीत, अशोक कौशिक, कोच शबनम, कोच संसार ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

## पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव

# 157 प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला बैलेट बॉक्स में कैद

### 2782 में से 2090 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव बुधवार को जिले में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो गए। जिले में 2782 में से 2090 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 157 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला बैलेट बॉक्स में बंद कर दिया। अब सभी की निगाहें मतगणना और परिणाम पर टिक गई हैं। जिले में चुनाव प्रक्रिया एसडीएम सुभाष चंद्र की देखरेख में संपन्न कराई गई। मतदान के लिए सोनीपत में तीन जबकि गन्नौर और गोहाना में एक-एक मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। सुबह से ही अधिवक्ताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया और दिनभर मतदान केंद्रों पर व्यवस्थित रूप से मतदान चलता रहा। चुनाव में कुल 23 सदस्यों का चयन किया जाना है, जिसके लिए पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के 157 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान सुबह 9 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। पूरे दिन कहीं से भी किसी प्रकार के विवाद या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली, जिससे चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। मतदान के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे। मतदान समाप्ति के बाद बैलेट बॉक्स को सुरक्षा के बीच सील कर आगे की प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया। अधिकारियों के अनुसार 20 मार्च से मतगणना शुरू होगी, जबकि अंतिम परिणाम मई माह में घोषित किए जाने की संभावना है।



गन्नौर। मतदान के दौरान उपस्थित गन्नौर बार एसोसिएशन के सदस्य।

■ सभी की निगाहें मतगणना और परिणाम पर टिकी

**मतदान का आंकड़ा**

सोनीपत (खरखौदा व राई समेत)
मतदाता 2200 मतदान 1608

गोहाना में
मतदाता 390 मतदान 306

गन्नौर में
मतदाता 192 मतदान 176

कुल मतदाता 2782 मतदान 2090

### बार काउंसिल चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न 176 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**गन्नौर।** पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्यों के लिए बुधवार को गन्नौर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जानकारी बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि चुनाव अधिकारी मोहित गिरी की देखरेख में यह चुनाव कराया गया, जिसमें बार एसोसिएशन के 190 सदस्यों में से 176 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव प्रक्रिया एक ही मतदान केंद्र पर पूरी कराई गई। मतदान सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। पूरे दिन अधिवक्ताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिला और किसी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की सूचना सामने नहीं आई। गौरव त्यागी ने बताया कि इस चुनाव में 23 सदस्यों का चयन किया जाना है, जिसके लिए कुल 157 प्रत्याशी मैदान में हैं। गन्नौर से भी एक उम्मीदवार चुनावी रेस में शामिल है, जिसे लेकर स्थानीय अधिवक्ताओं में विशेष रुचि रही। मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही।

## सेक्टर-14 हत्याकांड में महत्वपूर्ण खुलासा

*पुलिस ने हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू की*

# महाबीर भाई की मौत के लिए भाभी को मानता था जिम्मेदार : अजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-14 में देवर द्वारा भाभी की हत्या और उसके बाद आत्महत्या के मामले ने पारिवारिक रिश्तों में लंबे समय से चल रही दरार को उजागर कर दिया है। इस घटना में रंजिश, अलगाव और संभावित संपत्ति विवाद जैसे कई पहलू एक साथ सामने आए हैं। पुलिस ने मृतका के भाई, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल अजीत सिंह के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतका आशा की शादी गांव कुंडल निवासी बीर सिंह से हुई थी, जिनका वर्ष 2014 में हृदयाघात से निधन हो गया था। आशा का इकलौता बेटा योगी राणा वर्ष 2000 में पढ़ाई के लिए विदेश गया था और वर्ष 2006 में उसके ओमान में होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद से उसका परिवार से कोई संपर्क नहीं हो पाया। परिवार के अनुसार, वर्ष 2012 से आशा और उनके देवर महाबीर सिंह एक ही मकान में अलग-अलग मंजिलों पर रह रहे थे। महाबीर सिंह अपने परिवार के साथ पहली मंजिल पर रहते थे, जबकि आशा भूतल पर अकेली रहती थीं। लंबे समय से दोनों परिवारों के बीच संबंध सामान्य नहीं थे। अजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि महाबीर सिंह अपने भाई की मृत्यु के लिए आशा और अन्य परिजनों को जिम्मेदार मानता था और इसी रंजिश में उसने वारदात को अंजाम दिया। इंस्पेक्टर सवित ने कहा कि हत्या व आत्महत्या के मामले में लिखित आरोपों को आधार बनाकर जांच आगे बढ़ाई है।

### बेटे से नहीं हो पाया संपर्क

*इस घटना का एक संवेदनशील पहलू यह भी रहा कि आशा के अंतिम संस्कार के समय उनके बेटे से संपर्क नहीं हो सका। इसके चलते उनके भाई ने ही अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाई। वहीं महाबीर सिंह का अंतिम संस्कार उनके परिजनों ने किया। पुलिस अब इस मामले में संपत्ति विवाद के पहलू को भी गंभीरता से जांच रही है। आशंका जताई जा रही है कि संपत्ति के बंटवारे को लेकर चल रही चिंताओं और पारिवारिक मतभेदों ने इस घटना को जन्म दिया। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।*

### फर्राटा दौड़ में सिमरन रही अव्वल

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्यातिथि ज्योति रूमावत और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह द्वारा किया गया। छात्राओं ने मार्च पास्ट कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष की सिमरन प्रथम रही और उन्हें सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। लेमन रेस में बीए तृतीय वर्ष की गीतांजलि, मटका रेस में बीए ज्योग्रफी तृतीय वर्ष की पूजा और फ्रोग रेस में बीए द्वितीय वर्ष की साक्षी प्रथम रहीं। थ्री-लेग रेस में अनुष्का व चैरी की जोड़ी तथा रिले रेस में सिमरन, तनीषा, शिवांशी व जान्हवी की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। शिक्षण स्टाफ में मटका रेस में रितु, 50 मीटर दौड़ में डॉ. अनु और म्यूजिकल चेयर में रीना विजेता रहीं। गैर-शिक्षण वर्ग में कविता, रेखा और दीपिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को सम्मानित किया।

### वार्ड-7 में पेयजल पाइपलाइन दबाने के बाद गली निर्माण में लापरवाही

**गन्नौर।** शहर के वार्ड-7 में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि पेयजल पाइपलाइन दबाने के बाद गली निर्माण में तय मानकों की अनदेखी की जा रही है। ठेकेदार द्वारा गली निर्माण से पहले केवल कुछ ही जगहों पर रोडी डालकर खानापूर्ति की जा रही है, जिससे गली निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय निवासी सतपाल शर्मा का कहना है कि इस तरह से बनाई जा रही गली ज्यादा समय तक टिक नहीं पाएगी और कुछ ही समय बाद टूटने लगेगी। वहीं, गली में जगह-जगह गड्ढे भी बने हुए हैं, जिससे आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मौके पर कोई निरीक्षण नहीं किया जा रहा।



### डीबीएम स्पेशल स्कूल में अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**गोहाना।** गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम स्पेशल स्कूल एवं डीबीएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों को जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। मार्गदर्शन संस्थान के एमडी विकास मलिक का रहा। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं विशेषज्ञों ने एक दूसरे के साथ अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों के विकास में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम के दौरान विशेष शिक्षा तकनीकी, व्यवहार सुधार, तथा दिव्यांग बच्चों के लिए उपलब्ध सहयोग एवं पुनर्वास सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अभिभावकों ने अपने अनुभव भी साझा किए और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया।

*भगत फूल सिंह महिला विवि में हुआ हादसा*

# मधुमक्खियों के हमले में सुरक्षा सुपरवाइजर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में मधुमक्खियों के हमले में एक सुरक्षा सुरक्षा सुपरवाइजर की मौत हो गई। वे छात्राओं की चीख-पुकार सुनकर गए थे। मधुमक्खियों के डंक लगने से वह बेसुध होकर गिर गए। उनको शीघ्र पास के भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। महिला विवि की मिनी मार्केट में एक पेड़ पर मधुमक्खियों ने अपना बड़ा छत्ता बना रखा था। मधुमक्खियां किसी कारण आक्रामक हो गई। मधुमक्खियों ने वहां सामान लेने गई छात्राओं पर हमला कर दिया। इसके बाद मार्केट के परिसर में अफरा-तफरी मच गई। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा सुपरवाइजर गांव सरगथल निवासी गुरदीप सिंह छात्राओं की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे और उन्होंने छात्राओं को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का प्रयास किया। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया।

### सभी छत्ते हटाने के आदेश



विवि प्रशासन ने इस घटना के बाद परिसर में पेड़ों पर लगे हुए मधुमक्खियों के अन्य छत्ते हटाने के सख्त आदेश जारी कर दिए। जानकारी के अनुसार विवि परिसर में वर्तमान में मधुमक्खियों ने करीब एक से डेढ़ दर्जन छत्ते बना रखे हैं। इस दुखद घटना के बाद विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने मृतक सुरक्षा सुपरवाइजर गुरदीप सिंह के बेटे को योग्यता के आधार पर नौकरी देने की घोषणा की। गुरदीप सिंह विवि में एचकेआरएन के तहत कार्यरत थे।

### राष्ट्रीय पेंशन योजना व लघु उद्योग योजनाओं पर कार्यशाला, उद्योगपतियों को दी गई जानकारी



**राई।** हरियाणा वाणिज्य एवं उद्योग मंडल, सोनीपत इकाई की ओर से जीटी रोड स्थित एक होटल में राष्ट्रीय पेंशन योजना विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में प्राधिकरण के विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय पेंशन योजना की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग इस योजना को कर्मचारियों और नियोक्ताओं तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही विभिन्न पेंशन निधि संस्थानों से आए विशेषज्ञों ने भी उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा वाणिज्य एवं उद्योग मंडल, सोनीपत इकाई के अध्यक्ष राकेश छाबड़ा ने की। कार्यशाला में लघु एवं मध्यम उद्योगों के सार्वजनिक निर्गम से संबंधित एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने उद्योगों के विस्तार और निवेश के अवसरों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र सोनीपत के संयुक्त निदेशक हितेंद्र कादयान तथा उपनिदेशक महेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान औद्योगिक क्षेत्र राई के संपदा प्रबंधक रॉबिन बाठला को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।



### कुलदीप ने वॉक रेस में जीता रजत पदक

**गोहाना।** हरियाणा रोडवेज में चालक कुलदीप पांचाल ने 5 किलोमीटर वॉक रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक हासिल किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि को लेकर गुरुवार को आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा ने गोहाना के नए बस स्टैंड पर उनको सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सरोहा ने की। पंजाब के भठिंडा के तलवं डी साहिब स्थित गुरु काशी यूनिवर्सिटी में 45वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप आयोजित की गई। चालक कुलदीप ने इस चैंपियनशिप में 45 प्लस आयु वर्ग में पांच किलोमीटर वॉक रेस में रजत पदक हासिल किया। वह पहले भी कई बार खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। इस अवसर पर आरोग्य भारती के संयोजक सेवानिवृत्त प्राचार्य शिवचरण पांचाल, अशोक पांचाल, सतबीर पौडिया, योग शिक्षक सुरेश पांचाल, भाने राम पांचाल, गौरव पांचाल, सरवर लाठर, अनिल गंगाना, नीर लाठर, संदीप सांगवान, जय भगवान हुड्डा, रोहतास, नरेंद्र व राजकुमार मौजूद रहे।

# सत्य सनातन धर्म की सेवा के लिए तन मन धन न्योछावर : शशिकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में 501 मंदिर व समाजसेवी संगठनों को भेंट किए कूलर

शशिकांत इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बुधवार को हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में पुजारी सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें शहर के 501 मंदिर व समाजसेवी संगठनों को कूलर भेंट किए गए। सभी मंदिर के 501 पुजारियों को भोजन, प्रसाद के साथ सम्मान दिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष शशिकांत कौशिक ने कहा कि सत्य सनातम धर्म की सेवा के लिए वे तन- मन व धन से तैयार हैं। वे 2030 तक अपनी 90 प्रतिशत धनराशि हिंदू धर्म की सेवा में समर्पित कर देंगे। बुधवार को सुबह हवन यज्ञ के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसमें स्वामी दयानंद सरस्वती व महामंडलेश्वर स्वामी सीताराम जी महाराज ने मंत्रोचारण के साथ हवन संपन्न कराया। उसके बाद पुजारी सम्मान समारोह शुरू हुआ।



सभी पुजारियों का तिलक के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुजारियों व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों को एक साथ सहयोज कराया गया। सभी को गंगाजल, तुलसी का पौधा व दक्षिणा से सम्मानित किया गया। इस मौके पर देवेंद्र कौशिक, नरेंद्र भुटानी, संजय सिंगला, पवन तनेजा, सुमित अलख समेत शहर की सभी समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारी, सरपंच, नंबरदार आदि हजारों लोग मौजूद रहे।

# भागवत कथा सुनने से होता है कल्याण : बंसल

■ शिव मंदिर में आयोजित कथा में पहुंचें भाजपा नेता एवं समाजसेवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मात्र से ही जीव का कल्याण संभव है। इसीलिये जरूरी है कि हर व्यक्ति को भागवत कथा के लिये समय निकालना चाहिये। उक्त विचार समाजसेवी अरुण बंसल ने जटवाड़ा स्थित कच्ची बाग वाली गली स्थित शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। देवेंद्र गौतम और सुशील गौतम द्वारा आयोजित इस श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का बुधवार को समापन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचें अरुण बंसल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। इसके पश्चात उन्होंने सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया एवं इन्डेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, सोनीपत में आयोजित रक्तदान शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान किसी भी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है, और समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इसके अलावा अरुण बंसल ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अमनदीप राजोरा को उनके निवास स्थान, कौशिक वाली गली, बंदेपुर, सोनीपत में आयोजित भंडारे में पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। अरुण बंसल ने कहा कि अमनदीप राजोरा की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। अरुण बंसल ने सभी आयोजकों को सफल कार्यक्रमों के लिए बधाई दी।



सोनीपत। अमनदीप को शुभकामनाएं देते हुए भाजपा नेता अरुण बंसल।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**कार्यक्रम** भगत फूल सिंह महिला विवि में लोक कला उत्सव का शुभारंभ

*छात्राओं को भारतीय सांस्कृति से जोड़ना उद्देश्य*

# कलाकारों ने भरतनाट्यम की भावपूर्ण प्रस्तुति ने बांधा समां





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां में देर शाम से तीन दिवसीय लोक कला उत्सव का शुभारंभ अत्यंत भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग एवं धर्म पुत्र कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोडऩा और विभिन्न राज्यों की लोक परंपराओं से परिचित कराना है।

मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन छात्राओं के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को समझने और उसे संजोने का अवसर भी प्रदान करते हैं। भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और ऐसे आयोजनों से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ किया जा सकता है। समारोह में दिल्ली से आई नृत्य भूमि डांस फाउंडेशन समूह की कलाकारों ने भगवान शिव पर आधारित भरतनाट्यम की मनोहारी प्रस्तुति दी। नृत्य के माध्यम से पौराणिक और आध्यात्मिक कथाओं को सजीवता और भाव-भंगिमाओं के साथ प्रस्तुत किया। समारोह में कलाकारों नेपंजाब के लोक गीत, हरियाणा के पारंपरिक नृत्य, असम के बिहू, महाराष्ट्र के लावणी और राजस्थान के चरी नृत्य की मनमोहक झलकियों से रूबरू कराया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. जगदीप सिंगला, डॉ. इशानी और डॉ. मोनिका सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

### यूनिवर्सिटी टॉपर बनीं दिव्या

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा वर्ष 2024-2025 के अंतर्गत घोषित बीए ज्योग्रफी ऑनर्स अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों में जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्रा दिव्या ने यूनिवर्सिटी टॉपर बनने का खिताब हासिल किया है। दिव्या सहित जीवीएम की सात छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-20 सूची में नाम दर्ज करवाया है, जिसके लिए संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने बधाई दी। बीए ज्योग्रफी ऑनर्स की प्राध्यापिका शिवानी ने परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिव्या के अलावा नैन्सी ने दूसरा स्थान, हिमांशी ने तीसरा स्थान, अन्नू ने चौथा स्थान, टिना ने पांचवां स्थान, खुशी ने 17वां स्थान और काजल ने 20वां स्थान प्राप्त किया। टॉप-20 सूची में शमिल छात्राओं का प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह के नेतृत्व में कालेज में अभिनंदन किया गया।

JYANTI PRASAD DAV PUBLIC SCHOOL
(SR. SECONDARY)
Garhi Jhanjhara Road, Ganaur Mobile No. 9468048075, 9466738398
(Under the Direct Control of DAV College Managing Committee, New Delhi)
SEALED TENDERS / QUOTATION ARE INVITED FOR SESSION - 2026-2027
Manpower Contractor, Canteen Contractor, Books Vendor, Uniform Vender and Hire of School Buses (Transports Contract).
Experienced Agency Can Apply to the Undersigned Latest By 24th March 2026 Upto 3:00pm.
The Tender Documents May Be Collected From School Office From 19th March 2026, Between 10:00am To 3:00pm.
The School Management Reserve the Right to Accept or Reject Any Tender Without Assigning Any Reason.
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
MANAGER PRINCIPAL